	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
सत्यमेव जयते	साधिकार प्रकाशित	*Published by Authority*
	आषाढ़ 24, बुधवार, शाके 1942–जुलाई 15, 2020 *Asadha 24 , Wednesday, Saka 1942–July 15, 2020*	

भाग 6 (क)

नगरपालिकाओं संबंधी विज्ञप्तियों आदि।

स्वायत्त शासन विभाग, राज. जयपुर

संशोधित अधिसूचना

जयपुर, जुलाई 01, 2020

संख्या प.10( )चुनाव/परिसीमांकन/जन/स्वाशा/19-20/869 :-विभागीय आदेश क्र. एफ10(चुनाव) एलएसजी/19/10057 दि. 13.09.19 का राजपत्र के भाग 6 (क) दिनांक 16.09.2019 के द्वारा प्रकाशन हुआ है, जिसमें क्रं.सं. 1, 2, 34 व 35 के सम्मुख अंकित तालिका के कॉलम सं. 3 ''वार्डो के सीमाकंन विवरण'' में उक्त वार्डो की पूर्व में अनुमोदित सीमा विवरण को निम्न प्रकार लिखा एवं पढा जावें :-

<u>नगर पालिका पीपाडसिटी के वार्ड सं. **1, 2, 34, व 35 :-**</u>

क्र. सं.	वार्ड सं.	वार्डो के सीमांकन का विवरण
1	1	पीडब्लूडी ऑफिस के पश्चिमी कोने से जो रास्ता दक्षिण की ओर जाता है, इस रास्ते पर चलते हुए मोहनजी सांखला के मकान को बाई तरफ सम्मिलित करते हुए बरसाती नाले चलते हुए जिसमें जीवनी बस्ती अडूणिया बेरा चैनाराम सोलंकी के मकान, नवोड़ा बेरा, गुंदावालों का जाव को बाई सम्मिलित करते हुए नदी तक, नदी के किनारे किनारे पश्चिमी की ओर चलते हुए मैदानिया बेरा रास्ते तक यहां से उतर में मुड़कर जिसमें मैदानिया बेरा को बाई ओर छोड़ते हुए हस्तीराम के मकान को जीवनी ओर सम्मिलित करते हुए सांखलों का बेरा को जीवनी ओर सम्मिलित करते हुए सरकारी स्कूल को बाई ओर छोड़ते हुए सीधे सीधे चलते हुए विशनाराम सांखला के मकान को सम्मिलित करते हुए नगर पालिका सीमा सीमा चलते हुए पुखराज चौधरी की फैक्ट्री तक यहां से पूर्व में जोधपुर पीपाड़ सड़क चलते चलते जीवनी बस्ती जिसमें भक्ति नगर आदि को सम्मिलित करते हुए पीडब्लूडी ऑफिस तक । इस वार्ड में अडूणिया बेरा, नवोड़ा बेरा, गंदूवाला का जाव, सांखलों का बेरा सम्मिलित रहेगें ।
2	2	विशनाराम सांखला के मकान को पूर्व की ओर छोड़ते हुए हेमाराम, चंपालाल के मकान, सरकारी स्कूल को दाई ओर सम्मिलित करते हुए हापूराम जुगाराम के मकान को शामिल करते हुए चौलावतों का बेरा को सम्मिलित करते हुए सीधे नदी की ओर जाने वाले नाले चलते हुए नदी तक यहां से पश्चिम की ओर मुड़ते हुए नगर पालिका सीमा तक यहां से उतर की ओर चलते हुए कबूतरों का चौक, कानजी ठेकेदार के मकान को जीवनी ओर से सम्मिलित करते हुए जोगेश्वर मंदिर को बाई ओर छोड़ते नगर पालिका सीमा सीमा चलते हुए

		मैदानिया बेरा आदि बस्ती को सम्मिलित करते हुए हजारी बा पाडेवाले के मकान को सम्मिलित करते हुए नगर पालिका सीमा सीमा चलते हुए पुन: विशनाराम सांखला के मकान तक ।
34	34	पुरानी स्कूल उचियाड़ा बेरा से रामदीन मकान होते हुए बाबा का बेरा सरकारी स्कूल को बाई ओर छोड़ते हुए जो रास्ता बाईपास रोड़ तक जाता है, इसके पूर्वी मकानात सम्मलित करते हुए बाईपास के दूसरी तरफ से ढ़गलाराम चौकीदार मकान से पीपाड़ सरहद तक घीसाराम टाक के बेरे बाणा नाडा, अशोक नगर, स्कूल, लक्ष्मणराम मकान, पूर्वी तरफ भलजी, नारायणजी टाक की ढ़ाणी को सम्मलित करते हुए, कोसाना मार्ग जाने वाले रास्ते चलते चलते लोड़ी बाड़ी होते हुए आमलिया बेरा छोड़ते हुए लक्की बाल स्कूल से जो सड़क पुरानी सरकारी स्कूल जाती है, इसके उतरी मकानात तथा पुन: पुरानी स्कूल तक इस वार्ड की सीमा रहेगी जिसमें अशोक नगर, नारायणजी नेता का बेरा, चौकीदारों की बास, बाणा नाडा पीपाड़ सरहद तक उचियाड़ा बेरा, उपरला बेरा आदि सम्मलित रहेगें।
35	35	पीडब्लूडी ऑफिस से दक्षिण में चलते हुए मोहनलाल सांखला आडूणिया बेरा, चेनाराम सोलंकी, नवोड़ा बेरा को जीवनी ओर छोड़ते हुए बरसाती नाले चलते चलते नदी तक यहां से पूर्व में चलते हुए जोधपुर सड़क क्रॉस कर केके मार्केट को सम्मिलित करते हुए नदी के किनारे किनारे चलते हुए उचियाड़ा बेरा प्याउ तक यहां से उतर में चलते चलते पुरानी स्कूल को जीवनी तरफ छोड़ते हुए बाबा का बेरा, सरकारी स्कूल को बाई ओर सम्मिलित करते हुए चौकीदारों की ढ़ाणी तक यहां से बाईपास सड़क चलते चलते बाई बस्ती सम्मिलित करते हुए साथीन चौराया तक यहां से नगर पालिका सीमा चलते चलते कृशि मंडी, तहसील, गणेष होटल, प्रस्तावित नगर पालिका भवन को सम्मिलित करते हुए जोधपुर रोड़ पीडब्लूडी ऑफिस तक ।

उज्ज्वल राठौड,
निदेशक एवं संयुक्त सचिव

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।